हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

नवरात्रि विशेष



द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

माता के दरबार में जगमगाए आस्था के ज्योत, जयकारों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का नौ दिवसीय पर्व शारदीय नवरात्र रविवार से श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ प्रारंभ हो गया। नवरात्र के पहले दिन शहर सहित जिलेभर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। माता के दरबार में आस्था के ज्योत जगमगाने लगे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की।

नवरात्र के पहले दिन मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ सहित राजनांदगांव शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में विशेष चहल-पहल रही। शहर के शीतला मंदिर सोनारपारा, कालीमाई मंदिर पुराना बस स्टैंड, मां पाताल भैरवी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर किलापारा, मां भानेश्वरी मंदिर, महामाया मंदिर और बंजारी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की। भक्तों ने माता के चरणों में शीश नवाकर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना की। मंदिरों में आस्था के ज्योत प्रज्जवलित होने के साथ ही नवरात्र का आध्यात्मिक और धार्मिक उत्साह दिखाई देने लगा है। नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। भक्तों ने नारियल, चुनरी, पुष्प और पूजा सामग्री अर्पित कर माता की आराधना की।

घरों और मंदिरों में प्रज्जवलित किए गए आस्था के ज्योत

बाजारों में बढ़ी चहल-पहल, पूजन सामग्री की खरीदारी

नवरात्र प्रारंभ होते ही शहर के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। पूजा सामग्री, नारियल, चुनरी, फूल-माला, अगरबत्ती, दीपक और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही दिखाई दी। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने फलाहार और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की। नवरात्र के पहले दिन बाजारों में धार्मिक उत्साह के साथ त्यौहार की चहल-पहल भी देखने को मिली।



पूजा पंडालों में विराजी मां दुर्गा

शहर के विभिन्न मोहल्लों और चौक-चौराहों पर स्थापित किए गए पूजा पंडालों में भी नवरात्र की शुरूआत के साथ धार्मिक आयोजन शुरू हो गए। नंदई, बांसपाईपारा, सोनारपारा, जमातपारा, गांधी चौक, ब्राम्हणपारा, स्टेशनपारा, शंकरपुर, चिखली, दुर्गा चौक, मोहारा और लखोली सहित शहर के अनेक स्थानों पर विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई। पूजा समितियों ने पंडालों में आकर्षक सजावट और रोशनी की व्यवस्था की है। अगले नौ दिनों तक इन पूजा पंडालों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहेगा।

वीबी-जी-राम-जी योजना से गांवों की बदल रही तस्वीर

स्कूलों में शौचालय से लेकर जल संरक्षण तक के कार्यों में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामीण अंचल के चहुंमुखी विकास और ग्रामीणों को आजीविका की पक्की गारंटी देने के उद्देश्य से संचालित विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी योजना जिले में प्रभावी रूप से लागू की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान इस मिशन के अंतर्गत केवल पारंपरिक मजदूरी कार्य ही नहीं, बल्कि बुनियादी ढांचे और सामाजिक सरोकार से जुड़े विविध निर्माण कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। इनमें शासकीय विद्यालयों में छात्राओं की सुविधा के लिए समुदाय आधारित बालिका शौचालयों का निर्माण, जल संरक्षण के आधुनिक उपाय तथा सार्वजनिक स्थलों के संवर्धन से जुड़े अहम कार्य शामिल हैं।

योजना के तहत जिले के चारों प्रमुख विकासखंडों में अधोसंरचना निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। विशेष रूप से प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्तर पर छात्राओं की स्वच्छता और शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए कुल 169 बालिका शौचालयों की मंजूरी दी गई है। इनमें छुरिया विकासखंड 70 शौचालयों की स्वीकृति के साथ सबसे आगे है। वहीं डोंगरगढ़ में 66, राजनांदगांव में 28 और डोंगरगांव में 5 शौचालयों के निर्माण का दायित्व सौंपा गया है। इसके समानांतर, भूजल स्तर सुधारने की दिशा में बोरवेल रिचार्ज हेतु कम्युनिटी सैंड फिल्टर निर्माण के 247 काम मंजूर किए गए हैं। जिनमें छुरिया में 75, डोंगरगांव में 71, राजनांदगांव में 64 और डोंगरगढ़ में 37 इकाइयों की स्थापना शामिल है। साथ ही ग्रामीण अंतिम संस्कार स्थलों पर जनसुविधा विस्तार के लिए 127 मुक्तिधाम शेड व प्रतीक्षालय स्वीकृत कर जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन शुरू किया गया है।

खास बातें

- जिले के सभी ब्लॉक में बनाए जा रहे शौचालय
- बुनियादी ढांचे और सामाजिक सरोकार से जुड़े काम को दी जा रही प्रशासन द्वारा प्राथमिकता



श्रमिकों के लिए भी बजट

जिले में समग्र विकास के लिए योजनांतर्गत कुल 829 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन स्वीकृत परियोजनाओं का कुल वित्तीय आवंटन 2488.22 लाख रुपए निर्धारित किया गया है। परियोजना की लागत संरचना संतुलित रखी गई है। जिसमें श्रमिकों के पारिश्रमिक पेटे 1397.37 लाख रुपए तथा निर्माण सामग्री की आपूर्ति मद में 1090.85 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

मिल रहा ग्रामीणों को रोजगार

योजना के धरातल पर उतरने से स्थानीय ग्रामीणों और कामगारों को अपने ही क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सुरक्षित रोजगार मिल रहा है। जिलेभर में कुल 1 लाख 36 हजार 44 पंजीकृत परिवार इस व्यवस्था से जुड़े हैं। जिनके माध्यम से अब तक 58 हजार 116 मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं। रोजगार सृजन के मामले में छुरिया जनपद पंचायत शीर्ष पर है, जहां 38,811 पंजीकृत परिवारों के बीच सर्वाधिक 21,165 मानव दिवस का सृजन हुआ। डोंगरगढ़ में 35,961 परिवारों के माध्यम से 13,221 और राजनांदगांव जनपद में 36,800 परिवारों के सहयोग से 14,032 मानव दिवस का कार्य संपन्न कराया गया। वहीं डोंगरगांव में 24,472 पंजीकृत परिवारों के जरिये 9,698 मानव दिवस अर्जित किए गए हैं।

34 डिग्री पर पारा प्रदेश में सबसे गर्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में तापमान में इजाफा का दौर लगातार जारी है। यहीं कारण है कि मानसून के लौटने के बाद से ही लगातार राजनांदगांव प्रदेश में सबसे गर्म जिला भी बना हुआ है।

रविवार को भी जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री पर रहा, जो सर्वाधिक था। वहीं रात के तापमान में भी मामूली ही गिरावट देखने को मिली है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट का दौर शुरु होने में लगभग एक सप्ताह का समय और लग सकता है। ऐसे में माना जा रहा है कि दशहरा के बाद ही अंचल में ठंड का एहसास बढ़ता हुआ नजर आएगा।

खबर संक्षेप

चाकू दिखाकर डराया पकड़ा गया

राजनांदगांव। चाकू दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुमन जायसवाल एवं रमेश्वर प्रसाद देशमुख के नेतृत्व में थाना डोंगरगढ़ पुलिस स्टाफ द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों, शराब कोचियों एवं तस्करों के साथ-साथ अवैध गतिविधियों, जुआ-सट्टा, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमारों, चाकूबाजों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी तारतम्य में 11 अक्टूबर को मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पुराना नेहरू कॉलेज रोड के किनारे लोहे का धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा-धमका रहा है। किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना प्राप्त होने पर थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल मुखबीर के बताए स्थान पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की गई। मौके पर एक व्यक्ति को लोहे का धारदार चाकू दिखाते घूमते पकड़ा गया।

पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पवन मुनेश्वर 25 वर्ष बताया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू जब्त किया गया। धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई तथा आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

माय एंगल



घायल बेटी का इलाज जारी, पुलिस टीम कर रही संदेहियों से पूछताछ

पारिवारिक रंजिश की आशंका, रिश्तेदार की भूमिका पर संदेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौथना में हुए सनसनीखेज हत्याकांड में घायल युवती का राजधानी रायपुर में इलाज जारी है। ज्ञात हो इस वारदात में पहले ही मां कमला सोनकर और उनके बेटे की हत्या हो चुकी थी। वहीं युवती भी अब तक होश में नहीं आई है, हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि सेहत में सुधार दिखाई दे रहा है।

जल्द ही स्थिति सामान्य हो सकती है। इधर घटना के बाद से गांव में शोक और भय का माहौल है। वहीं वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच और साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना के दौरान परिवार का मुखिया घर से बाहर था। इसी बीच घर में हुए हमले में कमला सोनकर और उनके बेटे की जान चली गई। जबकि बेटी ममता सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल युवती को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में भर्ती कराया गया था। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। अब इलाज के दौरान उसकी स्थिति में काफी हद तक सुधार होने की जानकारी मिली है। हालांकि घटना के संबंध में विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने आना अभी बाकी है।

साक्ष्य जुटाकर आरोपी की तलाश जारीः बताया गया कि घटना की सूचना मिलते ही डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य जुटाने के साथ परिवार के सदस्यों और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है। वारदात के घटनाक्रम और उसके पीछे के संभावित कारणों का पता लगाने के लिए विभिन्न पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। थाना से महज तीन किमी की दूरी पर गंभीर वारदात होने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाने से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है।



गांव में मातम, जांच के खुलासे का इंतजार

एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से ग्राम चौथना में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीण इस हृदयविदारक घटना की वास्तविक वजह सामने आने और आरोपी की गिरफ्तारी का इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस जांच जारी है। हत्याकांड के पीछे की असली वजह, वारदात में शामिल व्यक्ति और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

रिश्तेदार की भूमिका भी जांच के दायरे में

इस जघन्य वारदात के पीछे पारिवारिक विवाद या पुरानी रंजिश होने की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक चर्चाओं में परिवार के एक रिश्तेदार की भूमिका को लेकर भी संदेह व्यक्त किया जा रहा है। हालांकि पुलिस की ओर से अब तक न तो हत्या के कारणों की आधिकारिक पुष्टि की गई है और न ही किसी संदिग्ध की भूमिका को प्रमाणित किया गया है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।



संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध
ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व
• कंधों में जकड़न, खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

खबर संक्षेप

रितु वर्मा का पंडवानी गायन 15 को



पटेवा। ग्राम पटेवा में जय मां शीतला दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में आगामी 15 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय पंडवानी गायिका रितु वर्मा का कार्यक्रम रखा गया है। आगामी 16 अक्टूबर को चुन्नी यात्रा निकाला जाएगा, जिसकी तैयारी में तरुण दुबे, रविलाल वर्मा, प्रशांत वर्मा,तुषार देवांगन, संजय मंडावी, संकेत साहू, श्रेयांस निर्मलकर,कमलेश वर्मा, हरि साहू, भानू वर्मा, अवध मंडावी, केवल देवांगन, ढेलू वर्मा, शिवम वर्मा जुटे हैं।

संकुल समन्वयक को विदाई

गंडई पंडरिया। ग्राम सेतवा में संकुल समन्वयक योगेंद्र सिंह कश्यप का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके योगदान, समर्पण और सहयोगात्मक व्यवहार की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान श्री कश्यप ने प्राथमिक शाला सेतवा के प्रधान पाठक तोकराम सिंह एवं शिक्षिका भारती को विद्यालय के विकास के लिए पांच हजार दिए। समारोह में लिमो सहकारी समिति के अध्यक्ष सुकदेव पटेल, सरपंच बलराम पटेल, खौड़ा सरपंच जनेराम पटेल, रजेलाल पटेल, बनवाली पटेल, हरिप्रसाद, सादराम पटेल, पंचराम पटेल, विष्णु पटेल, राजेश श्रीवास्तव, महेश वर्मा, भीखेंद्र जंघेल, सीता साहू, रत्ना हरम, सरोज जंघेल, देवेंद्र साहू, नीलम नेताम सहित अन्य उपस्थित थे।



आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आज से

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में स्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के रेगुलर एवं प्राइवेट विद्यार्थियों की प्रथम सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा कल 12 अक्टूबर को प्रारंभ होगी। प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने बताया कि बीए प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं पुराने भवन में आयोजित होंगी। वहीं बी.कॉम एवं बीएससी के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों की परीक्षाएं नवीन भवन में होगी। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में उपस्थित होने की अपील की है।

मोरकुटुम्ब में कबड्डी स्पर्धा का आयोजन

छुरिया। मोरकुटुम्ब में खेल युवा मंडल ने एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्पर्धा का समापन जिना पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिलता हैं। समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी ने की। विशिष्ट अतिथि उभेयराम मंडावी, रविन्द्र वैष्णव, मायाराम साहू, हरदेव कतलाम, सुरेश सोरी, जयसिंग सोरी, बिसाखाबाई साहू, महेन्द्र कोर्राम, ज्ञानसिंह शोरी, नेतराम साहू थे।



बीरुटोला में नुक्कड़ नाटक का मंचन

छुईखदान। रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, छुईखदान के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने बीरुटोला में रावे कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक एवं रैली का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नाटक एवं जनजागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को धान की फसल में लगने वाले प्रमुख कीटो एवं रोगों, दुष्प्रभावों तथा नियंत्रण के उपायों के बारे में बताया। किसानों को पोषक तत्व प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन, मृदा नमूना लेने एवं मृदा परीक्षण को लेकर जागरूक किया। विद्यार्थियों ने कीटनाशकों एवं अन्य रसायनों के छिड़काव के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, व्यक्तिगत सुरक्षा एवं रसायनों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी भी दी। किसानों को कृत्रिम गर्भाधान, उसके लाभ तथा पशुओं में बेहतर नस्ल एवं उत्पादन क्षमता बढ़ाने में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। यह कार्यक्रम डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता अधिष्ठाता के मार्गदर्शन एवं अरविंद नंदनवार, डॉ. ओपी सोनवानी, डॉ.सेवक ढ़ेंगे, विक्रम खुंटे के निर्देशन में संपन्न हुआ।



निधन

हिरेंद्र देशमुख

छुईखदान। कुर्मी समाज के बड़े दाऊ स्व रामेश्वर देशमुख के छोटे पुत्र हिरेंद्र देशमुख का बीते दिनों निधन हो गया। श्री देशमुख भिलाई में कार्यरत थे। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। स्व देशमुख प्रेस क्लब छुईखदान के सचिव दीपक देशमुख के छोटे भाई थे। उनके निधन पर सज्जाक खान, शरद श्रीवास्तव, सुदीप श्रीवास्तव, संजय शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, मनोज कोचर, विजय पाल, अशोक चंद्राकर आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

श्रद्धा के साथ नवरात्रि पर्व की शुरुआत

देवी मंदिरों में जले आस्था के कलश, उमड़ी भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्वांर नवरात्र के पहले दिन माता बम्लेश्वरी के दरबार सहित अन्य देवी मंदिरों में घट एवं ज्योत जंवारा स्थापना किया गया। माता बम्लेश्वरी के दरबार में मनोकामना ज्योति कलशों की स्थापना रात्रि में शुरू हुई। स्स्थापना के पूर्व ट्रस्ट समिति ने तैयारी कर ली थी। नवरात्र के पहले दिन प्रातः माता की श्रद्धा के साथ आरती की गई। सुबह से मंदिर में दर्शनार्थी आने लगे थे। रविवार को अवकाश होने के कारण सुबह से ही दर्शनार्थियों की भीड देखने मिली।

जले आस्था के जोत, देवी प्रतिमाएं स्थापित



सड़क अतरिया। ग्रामीण क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर्व रविवार को आरंभ हुआ। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में आस्था की जोत प्रज्जवलित किया। गांव गांव में समितियों ने विधि विधान के साथ देवी प्रतिमा स्थापित किया। नवरात्रि के पहले दिन ही देवी मंदिरों में श्रद्धालु की बड़ी संख्या में मौजूदगी नजर आई। नर्मदा मैय्या के दरबार में गोधुलि बेला में घट स्थापना कर जोत प्रज्जवलित किया गया। इसी प्रकार घिरघोली स्थिति सिद्ध बाबा मंदिर, चोरडाधाम स्थिति दुर्गा मंदिर, पैलीमेटा के अन्नपूर्णा मंदिर, घाट स्थित बंजारी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। वहीं नवरात्रि के पहले दिन ही बम्लेश्वरी दर्शन के लिए भक्तों का जत्था निकलना शुरू हो गया है।

कांग्रेस के लालटेन मार्च के बाद सड़क हुई रौशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत लंबे समय से अंधेरे में डूबी सड़क आखिरकार शनिवार को जगमगा उठीं। प्रशासनिक लेटलतीफी और उदासीनता के खिलाफ कांग्रेस के लालटेन मार्च निकलने के बाद प्रशासन हरकत में आया और शनिवार को सड़क बत्ती चालू कर दी गई।

राजनांदगांव- अंबागढ़ मार्ग के चौड़ीकरण के तहत नए खंभे और लाइटें पहले ही लगाई जा चुकी थीं। अगस्त में बतौर ट्रायल जलाया भी गया था, लेकिन बाद में दोबारा चालू नहीं किया गया।

वहीं दूसरी ओर पुराने खंभों पर भी लाइटें न लगने के कारण समूचे मार्ग पर अंधेरा पसरा रहता था। इस गंभीर समस्या के कारण रात को आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

कांग्रेस के विरोध का असर

इस प्रशासनिक अनदेखी और लोगों की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस ने निकाय और लोक निर्माण विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए गुरुवार को लालटेन मार्च निकाला था। विपक्ष के विरोध का असर शनिवार को तब देखने को मिला, जब प्रशासन ने बंद सड़क बत्तियों को चालू करवा दिया। लाइट जलने से मार्ग पर छाया अंधेरा दूर हुआ है।

करारोपण अधिकारी का तबादला

डोंगरगढ़। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने प्रशासनिक बदलाव करते हुए सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारियों का तबादला किया हैं। जारी आदेश में विभिन्न जनपद पंचायतों में पदस्थ 16 अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है। इस फेरबदल में स्थानीय गढ़ जनपद पंचायत में पदस्थ क्षत्रपाल सिंह ठाकुर का नाम भी शामिल है। उन्हे मानपुर जनपद पंचायत में पदस्थ किया गया है।

छात्रों को मतदान प्रक्रिया की दी जानकारी

- कृषि महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



भारत निर्वाचन आयोग एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में मतदाता जागरूकता एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. एके गुप्ता ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान की भूमिका और मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ के व्याख्याता कृष्ण कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने ईसीआईनेट एप के माध्यम से मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया की प्रायोगिक जानकारी दी। मतदाता साक्षरता क्लब के जिला समन्वयक यशपाल जंघेल ने मतदाता साक्षरता क्लब की भूमिका एवं महत्व के बारे में बताया। शिविर में विशेष वर्मा, डॉ. ओमप्रकाश सोनवानी, डॉ. अरविंद नंदनवार, डॉ. सेवक ढेंगे, डॉ. सविता आदित्य, डॉ. कन्हैयालाल, डॉ. प्रेरणा जायसवाल एवं डॉ. उमेश देशमुख सहित अन्य उपस्थित थे।

लक्ष्य के अनुरूप करें पाठ्यक्रम का चयन

जेवरतला रोड। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए करियर एवं तकनीकी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्रभारी चंद्रा देबनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अच्छे से पढ़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनिकेत सिन्हा ने गणित एवं जीव विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, तकनीकी क्षेत्र एवं करियर विकल्पों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स एवं अन्य तकनीक की जानकारी दी गई। व्याख्याता अजय पाठक ने विभिन्न प्रवेश परीक्षा, व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों तथा उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी।



तकनीकी कौशल पर जोर

विद्यार्थियों को बताया गया कि केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित न रहकर तकनीकी कौशल, व्यावसायिक शिक्षा एवं नए क्षेत्रों में रुचि विकसित करना भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को रुचि, योग्यता एवं करियर लक्ष्य के अनुसार पाठ्यक्रम चयन करने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जयदीप सिंह भुई एवं पुकेश देशमुख भी शामिल हुए।

पाठ्य सामग्री का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अग्रसेन जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल महिला संगठन इकाई डोंगरगढ़ ने उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय में ड्राइंग बुक, कॉपी, स्केच पेन, बिस्कुट एवं चॉकलेट का वितरण किया। महिलाओं ने बच्चों के बीच खुशियां बांटते हुए उन्हें शिक्षा के साथ रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया। अग्रवाल महिला संगठन की इस पहल से बच्चों को प्रोत्साहन मिला और उनमें उत्साह का संचार हुआ।

सीएमएचओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण

उपचार और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार शुक्ला और जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव ने गंडई और साल्हेवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने रात्रि कालीन व्यवस्थाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा स्टाफ की उपस्थिति का जायजा लिया।

सीएमएचओ डॉ. शुक्ला और जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती ध्रुव ने निर्धारित समयानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई और साल्हेवारा पहुंचकर रात को मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखा। उन्होंने अस्पताल में तैनात डॉक्टर्स और नर्सेज की उपस्थिति की जांच की। अस्पताल में भर्ती मरीजों से बात कर मिल रही सुविधाओं और उपचार के बारे में जानकारी ली। लेबर रूम, आउट पेशेंट डिपार्टमेंट, इन पेशेंट डिपार्टमेंट, संस्थागत प्रसव से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मरीजों को रात्रि में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी परखा गया।

एक्सपायरी दवा हटाने के निर्देश

अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जो दवाइयां एक्सपायरी के करीब हैं, उन्हें तुरंत अलग रखा जाए ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। वार्डों की सफाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी के प्रभारी प्रशांत सोनी, डॉ. प्रकाश वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

निकाय क्षेत्र में शिविर का आयोजन

शिविर में सुलझी समस्याएं एवं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



मंगलवार को टाउनहाल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगरवासियों की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण किया गया।

नगरीय प्रशासन विकास विभाग एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में नगर पंचायत, वन, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम, महिला बाल विकास, समाज कल्याण, पुलिस, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभाग शामिल हुए। मुख्य अतिथि जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा थे। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने की। विशेष अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, राजेश गुजराती, ढालसिंह कौशिक, अंबर जोशी, गुलाब गोस्वामी, ईश्वरी धुर्वे, उषा यादव, किशुन पटेल, कविता यादव, कांशी निषाद, सैयद अजहरूद्दीन, देवनारायण कुंभकार, कुंजलता हरमुख, विनोद डेहरिया एवं देवानंद निवरे थे।

प्रारंभ में सीएमओ अजय बहादुर सिंह ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। संचालन तोरण बसु एवं आभार ज्ञापन उपयंत्री योगेश्वर सिंह ठाकुर ने किया।

राशन, आयुष्मान कार्ड का वितरण

शिविर में नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता, श्रद्धांजलि योजना के हितग्राहियों को चेक एवं प्रमाण पत्र तथा राशन कार्ड का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड, शिक्षा विभाग ने छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र एवं विद्युत वितरण कपंनी ने सोलर पंप लगाने वाले नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।



नवरात्र पर्व : मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश के साथ पण्डालों में प्रतिमाएं स्थापित

मां दुर्गा की आराधना के साथ शारदीय नवरात्रि शुरू, देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र रविवार, 11 अक्टूबर को विधि-विधान के साथ प्रारंभ हो गया। नवरात्र के पहले दिन नगर के देवी मंदिरों में घट स्थापना, पूजा-अर्चना और मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए।

वहीं, विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों ने आकर्षक पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर नौ दिनों तक चलने वाले धार्मिक उत्सव का शुभारंभ किया। पर्व की शुरुआत के साथ ही नगर और आसपास के अंचलों में भक्तिमय वातावरण बनने लगा है। नवरात्र के पहले दिन से ही शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई।

मां विंध्यवासिनी मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां काली मंदिर, मां संतोषी मंदिर, मां दंतेश्वरी मंदिर, मां सतबहनिया मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां चंडी मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर और मां सिंहवाहिनी मंदिर सहित अन्य देवालयों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश की रोशनी से वातावरण आध्यात्मिक नजर आने लगा है।



बैंड-बाजे के साथ पंडालों तक पहुंची प्रतिमाएं

शहर की छोटी-बड़ी दुर्गोत्सव समितियों द्वारा कई दिनों की तैयारी के बाद आकर्षक पंडाल तैयार किए गए हैं। रविवार सुबह से ही मूर्तिकारों के यहां से प्रतिमाओं को पंडालों तक लाने का सिलसिला शुरू हो गया। समितियों के सदस्य हाथ ठेला, ट्रैक्टर और अन्य वाहनों से मां दुर्गा की प्रतिमाएं बैंड-बाजे के साथ लेकर पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। पंडालों में पुरोहितों के मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रतिमाओं की स्थापना की गई। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

सुरक्षा व्यवस्था में जुटा पुलिस प्रशासन

नवरात्र पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली है। प्रमुख स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस जवानों की तैनाती की जा रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही के बीच प्रशासन सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क है। नवरात्र को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। आगामी नौ दिनों तक पूजा-पाठ, आरती और धार्मिक आयोजनों से पूरा अंचल भक्तिरस में सराबोर रहने की उम्मीद है।

सोशल मीडिया पर अश्लील टिप्पणी करना पड़ा भारी, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करना और शिकायत मिलने पर धमकी देना एक युवक को भारी पड़ गया। कबीरधाम जिले की सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ठाकुरपारा निवासी अजय सिंह ठाकुर आयु 33 वर्ष ने 10 अक्टूबर 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि फेसबुक आईडी के माध्यम से उप मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तस्वीरों पर अश्लील एवं अभद्र टिप्पणियां की जा रही थीं।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने संबंधित व्यक्ति की पहचान कर पूछताछ की। आरोपी की पहचान सलमान अली खान आयु 23 वर्ष निवासी लोहारा नाका, झंडा चौक, कवर्धा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी आक्रोशित हो गया और शिकायतकर्ता को देख लेने की धमकी देने लगा। उसके हंगामे के बाद मौके पर भीड़ जुटने लगी।

बीएनएसएस और आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई

पुलिस ने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरोपी के विरुद्ध धारा 170, 126 और 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की। वहीं, कथित अभद्र टिप्पणियों के मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत भी वैधानिक कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन तथा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई। इसमें कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा एवं पुलिस टीम की भूमिका रही। कबीरधाम पुलिस ने आम नागरिकों से सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी और मर्यादा के साथ करने की अपील की है। पुलिस ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति अथवा सार्वजनिक पद पर आसीन व्यक्ति के संबंध में अश्लील, अभद्र या आपत्तिजनक टिप्पणियां प्रसारित करने से बचना चाहिए।

खबर संक्षेप

निर्वाचक नामावली के लिए अधिकारी नियुक्त

कवर्धा। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 42 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के नियम 18 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कबीरधाम जिले में विकासखंडवार रिक्त पंचायतों के त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु अधिकारियों की नियुक्ति की है। निर्वाचक नामावली 01 अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि के आधार पर निर्धारित कार्यक्रम एवं समय-सारणी के अनुसार तैयार की जाएगी। इसके लिए जिले के चारों जनपद पंचायत क्षेत्रों में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपील प्राधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

पंजीयन एवं सत्यापन की अंतिम तिथि 15 तक

कवर्धा। मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2026-27 के अंतर्गत कक्षा 10वीं के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के चयनित विद्यार्थियों के पंजीयन एवं सत्यापन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन एवं सत्यापन के लिए योजना का पोर्टल 15 अक्टूबर 2026 तक पुनः प्रारंभ किया गया है। जिला शिक्षा विभाग द्वारा संबंधित विद्यालयों एवं चयनित विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की गई है।

बेसिक प्रशिक्षण शिविर में कबीरधाम जिले की गाइडर शामिल, दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, रायपुर राज्य मुख्यालय द्वारा राज्य स्तरीय बेसिक फ्लॉक लीडर/गाइड केप्टिन/ रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर दिनांक 01 से 07 अक्टूबर 2026 तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर जिला रायपुर में आयोजित किया।

जिसमें कबीरधम जिला से शासकीय नवीन प्राथमिक शाला देवरी से गाइड केप्टिन हेमलता शर्मा, शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह से गाइड केप्टिन मोहिनी साहू, दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर से गाइड केप्टिन विभा ठाकुर, शासकीय प्राथमिक शाला पड़किपारा से गाइड केप्टिन मनीषा पटेल, सेजेस हिन्दी/अंग्रेजी पिपरिया से गाइड केप्टिन सुभद्रा साही, सेजेस हिन्दी/अंग्रेजी पिपरिया से गाइड केप्टिन लोकेश्वरी साहू, सेजेस कवर्धा से गाइड केप्टिन तोमेश्वरी साहू, शासकीय प्राथमिक शाला टिकरीपारा से फ्लॉक लीडर आरती पाण्डेय शामिल हुई! यह प्रशिक्षण स्काउट गाइड की छात्राओं की सर्वांगीण विकास एवं राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा की तैयारी हेतु विशेष महत्त्व है।

प्रशिक्षण प्राप्त करने बेसिक गाइड केप्टिनो को जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्शी, उपाध्यक्ष अनिल दास गुप्ता, जिला मुख्य आयुक्त सचिन गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, जिला सचिव नीलम यदु, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता ने बधाई दी है।

टीचर्स एसोसिएशन की बैठक में कई अहम फैसले, पूर्व सेवा गणना हेतु सड़क से न्यायालय तक करेंगे संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में स्थानीय रानी झाँसी बालोद्यान में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

प्रमुख निर्णय में संविलियन से स्कूल शिक्षा विभाग में आये शिक्षकों के पंचायत व नगरीय निकाय के सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन देने की मांग को लेकर सड़क से न्यायालय तक संघर्ष किया जायेगा। यह केवल मांग ही नहीं बल्कि शिक्षकों का वाजिब हक है, जिसे लेकर रहेंगे। सन 2012 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टेट से छूट तथा बाद में नियुक्त शिक्षकों की सेवा सुरक्षा करने की मांग किया गया। साथ ही वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति करने पर चर्चा हुआ। शिक्षकों का स्पष्ट कहना है कि हमें ऑनलाइन उपस्थिति से आपत्ति नहीं बल्कि हमारे स्वयं के निजी मोबाइल से उपस्थिति दर्ज कराने पर आपत्ति है। शासन-प्रशासन हमें ऑनलाइन उपस्थिति के लिए डिवाईस दे। व्ही. एस. के. में ऑनलाइन अनुपस्थिति की आड़ लेकर शिक्षकों व कर्मचारियों के वेतन रोकने को अनुचित करार दिया गया। स्कूलों में आगामी 17 से 21 अक्टूबर तक दशहरा अवकाश घोषित किया गया है, अतः कलेक्टर द्वारा 19 अक्टूबर को घोषित स्थानीय अवकाश को संशोधित कर आगामी 29 अक्टूबर करवाचौथ या 20 नवम्बर देवउठनी एकादशी को स्थानीय अवकाश दिया जावे। दशहरा, दिवाली व शीतकालीन अवकाश में कटौती को भी अनुचित करार दिया गया। पदांकन संशोधन के मुद्दे पर शीघ्र ही ज्ञापन सौंपकर एफ. आर. आई. दर्ज कराने की मांग शासन से किया जायेगा।

बैठक के प्रारम्भ में जिलाध्यक्ष डॉ. चन्द्रवंशी ने अब तक के संघीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया, तत्पश्चात उपस्थित संघ पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए जाने के बाद सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में एसोसिएशन सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यालय एवं आंगनबाड़ी परिसर में स्वच्छता अभियान का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



वनमंडलाधिकारी, कवर्धा के निर्देशन में वनमंडल कवर्धा के वन परिक्षेत्र पंडरिया पूर्व अंतर्गत पंडरीखार सर्किल के ग्राम छुईयापारा में सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा। अभियान के अंतर्गत ग्राम छुईयापारा के विद्यालय एवं आंगनबाड़ी परिसर में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से साफ-सफाई की गई। सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए परिसर को स्वच्छ रखने तथा आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परिसर मे पौधों का रोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में पंडरीखार सर्किल के परिक्षेत्र सहायक, पंडरीखार एवं लेदरा पूर्व के परिसर रक्षक, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभियान में कुल 43 लोगों ने सहभागिता की, जिनमें 30 छात्र-छात्राएं, 5 वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं 8 ग्रामीणजन शामिल थे। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए विद्यालय, आंगनबाड़ी एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता की आदतों को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।

मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित...



कवर्धा। क्वांर नवरात्र प्रारंभ होने के साथ कवर्धा सहित अंचल के देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में भक्तों द्वारा प्रज्जवलित कराए गए हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योतिकलश।

मां महामाया दुर्गोत्सव एवं नवधा समिति के आयोजन में उमड़ीं महिलाएं

मोहगांव में जल यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭मोहगांव

पंडरिया विकासखंड के ग्राम मोहगांव में शारदीय नवरात्र के अवसर पर धार्मिक आयोजनों की शुरुआत हो गई है। मां महामाया दुर्गोत्सव एवं नवधा समिति के तत्वावधान में बाजार चौक स्थित दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा की विधि-विधान से स्थापना की गई। इसके साथ ही अखंड नवधा रामायण एवं मानस प्रवचन का शुभारंभ हुआ।

आयोजन के पहले दिन सुबह 8 बजे गांव में जल यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। जल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आयोजन के साथ गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया है। मां दुर्गा की स्थापना और नवधा रामायण के शुभारंभ से ग्रामीणों में उत्साह है। समिति द्वारा आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियां की गई हैं, वहीं प्रतिदिन होने वाले मानस प्रवचन में श्रद्धालुओं को रामकथा का श्रवण करने का अवसर मिलेगा।

बाजार चौक मोहगांव में मां दुर्गा की स्थापना का यह 14वां वर्ष है। वहीं, दुर्गा पंडाल परिसर में नवधा रामायण एवं मानस प्रवचन का आयोजन तीसरे वर्ष किया जा रहा है। वर्षों से जारी इस धार्मिक परंपरा के माध्यम से ग्रामीण सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना और रामकथा श्रवण में शामिल हो रहे हैं।

आयोजन के दौरान मां दुर्गा की पूजा के साथ अखंड नवधा रामायण का पाठ और मानस प्रवचन श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

आयोजन में अलग-अलग कथावाचक देंगे प्रवचन

नवधा रामायण के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग मानस कथावाचकों एवं विद्वानों द्वारा रामायण की कथा और मानस प्रवचन प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें मानस कथावाचिका आर्या त्रिपाठी, बिमलेश्वरी साहू, सत्यव्रत शास्त्री, सुदर्शन (लोरमी), महेत्तर कश्यप (जरहागांव) और ईश्वर सिंह राजपूत (बेमेतरा) शामिल हैं। इनके प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को रामायण के प्रसंगों, आदर्शों और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी शिक्षाओं को सुनने का अवसर मिलेगा।



पीएम-आशा योजना के तहत पांच फसलों के लिए 31 अक्टूबर तक होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन की खेती करने वाले किसान प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान की प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत 31 अक्टूबर 2026 तक पंजीयन करा सकते हैं। किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

इसके लिए किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से संबंधित सेवा सहकारी समिति में आवश्यक दस्तावेज जमा कर पंजीयन कराएं, ताकि उपज का विक्रय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किया जा सके। योजना के तहत भारत सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए अरहर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8,450 रुपये, मूंग का 8,780 रुपये, उड़द का 8,200 रुपये, मूंगफली का 7,517 रुपये और सोयाबीन का 5,708 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जिले के लिए चिन्हांकित केंद्रीय एजेंसी द्वारा पंजीकृत किसानों से इन फसलों का उपार्जन किया जाएगा।

इन दस्तावेजों की होगी आवश्यकता

पंजीयन के लिए किसानों को ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संबंधित सेवा सहकारी समिति में जमा करनी होगी। किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत प्रति एकड़ निर्धारित मात्रा के अनुसार अरहर, मूंग और उड़द की 3-3 क्विंटल, मूंगफली की 7 क्विंटल तथा सोयाबीन की 5 क्विंटल उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जाएगा। जिले में उपार्जन एवं भंडारण के लिए कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखंड की समितियों को उपार्जन केंद्र के रूप में चयनित एवं अधिसूचित किया जाना प्रस्तावित है। उपज की खरीदी सप्ताह में पांच दिन, सोमवार से शुक्रवार तक की जाएगी।

सार समाचार

हाईकोर्ट ने दी अनुकंपा नियुक्त लिपिकों को राहत

राजनांदगांव। विभागीय व्यवस्था की ऐसी चूक, जिसकी कीमत कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही थी। अनुकंपा नियुक्ति से लिपिक पद पर नियुक्त कर्मचारियों के लिए हिंदी में कम्प्यूटर टाइपिंग परीक्षा दो वर्ष के भीतर उत्तीर्ण करना अनिवार्य था, लेकिन वर्ष 2013 से 2023 तक संबंधित कर्मचारियों के लिए यह परीक्षा आयोजित ही नहीं की गई। परीक्षा का अवसर ही नहीं मिला, फिर भी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करने का ठिकरा कर्मचारियों पर फोड़ते हुए उनकी वेतन वृद्धि रोक दी गई और रिकवरी के आदेश तक जारी कर दिए गए। इस कार्रवाई के खिलाफ कर्मचारियों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

राजनांदगांव जिले के स्कूल शिक्षा विभाग के कुल 65 कर्मचारी इस समस्या से प्रभावित बताए गए हैं। इनमें से 32 कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जिसके बाद उन्हें बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने कहा जिस परीक्षा का आयोजन ही नहीं हुआ, उसके आधार पर न्यायालय ने कर्मचारियों को उनकी नियुक्ति तिथि और सेवा नियमों के अनुसार वर्ष 2013 से 2023 की अवधि की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान कर वेतन का पुनर्निर्धारण करने तथा तीन माह के भीतर परिणामी वित्तीय लाभ जारी करने के निर्देश दिए हैं। राजनांदगांव जिले से इस मामले में श्रीमती वैशाली झंझाड़े, सिमरत कौर गिल, योगेश्वरी साहू और जैक्लिन डेविड सहित कुल 32 कर्मचारी याचिकाकर्ता बताए गए हैं।

मुंबई में राजनांदगांव के नाम की गूंज

राजनांदगांव। विहार सेवा अधिवेशन मुंबई में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव के नाम की गूंज रही। इस अधिवेशन में परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री महाबोधि सुरीश्वर जी.म.सा. के मुखार वृंद से छत्तीसगढ़ के साथ ही राजनांदगांव की तारीफ की गई।

उन्होंने राजनांदगांव में खरतर गच्छाचार्य, छत्तीसगढ़ श्रृंगार पीयूष सागर सुरीश्वर जी म.सा. के पावन सानिध्य में हुए विहार सेवा सम्मेलन की भी अनुमोदना की। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में विहार सेवा ग्रुप के 350 कार्यकर्ता शामिल हुए थे, जो अनुमोदना के लायक है। उन्होंने इसके लिए श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट समिति के मैनेजिंग ट्रस्टी अजय सिंगी, ट्रस्टीगण ललित भंसाली, भावेश बैद, रोशन गोलछा एवं जीवनचंद बैद सहित राजनांदगांव के सदस्यों से कहा कि मुंबई, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश सहित पूरे भारतवर्ष के विहार सेवा ग्रुप की सम्मेलन में सहभागिता रहती है। अब से छत्तीसगढ़ भी इसमें जुड़ गया है। उन्होंने राजनांदगांव में हुए सम्मेलन की तारीफ करते राजनांदगांव को टॉफी देने की घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही राजनांदगांव में हर्ष की लहर दौड़ गई।

गरबा में धार्मिक आस्था का रखें ध्यान -सुनील

राजनांदगांव। नवरात्रि अवसर पर आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रम सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और मां दुर्गा की आराधना से जुड़े हैं। गरबा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि भक्ति, संस्कार और हमारी संस्कृति का पर्व है। भाजपा नेता सुनील सेन ने गरबा समितियों एवं आयोजकों से आग्रह किया है कि प्रत्येक पंडाल में फिल्मी एवं अश्लील गीतों, अश्लील नृत्य तथा आपत्तिजनक पहनावे पर पूर्ण प्रतिबंध रखा जाए। गरबा का वातावरण भक्तिमय, पारिवारिक और धार्मिक मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंडाल में प्रवेश से पूर्व टीका लगाना, मौली/कलावा धारण करना तथा "जय माता दी" कहकर अभिवादन करना आयोजन की धार्मिक आचार-संहिता का हिस्सा बनाया जाए। आयोजक यह विशेष ध्यान रखें कि हिंदू आस्था, सनातन संस्कृति और गरबा की धार्मिक परंपराओं का सम्मान एवं अनुशरण करने वाले श्रद्धालुओं को ही प्रवेश मिले तथा सभी के लिए निर्धारित नियमों का समान रूप से पालन हो। मनोरंजन के लिए सैर-सपाटा या मौज-मस्ती के लिए आने वालों का प्रवेश निषेध हो। भक्ति भावना से प्रेरित लोग ही इस आस्था के आयोजन में शामिल हो, इसका विशेष ध्यान आयोजक समिति रखे। उन्होंने कहा कि गरबा की पहचान हमारी संस्कृति और भक्ति से है, अश्लीलता से नहीं। आयोजक अनुशासन, धार्मिक मर्यादा और महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें।

स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजनांदगांव शहर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लखोली में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में न्यायाधीश पार्थ दुबे एवं न्यायाधीश वंदना मंडावी उपस्थित थे। कार्यक्रम में न्यायाधीशों ने स्कूली बच्चों को कानून, बाल अधिकारों, शिक्षा के अधिकार, साइबर सुरक्षा तथा दैनिक जीवन में उपयोगी कानूनी प्रावधानों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते कहा कि एक सजग एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए कानून के बुनियादी नियमों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में पैरालीगल वॉलिंटियर्स (पीएलवी) अनुज्ञा मिश्रा, प्रशांत बारसे एवं हेमंत जमुडिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और निःशुल्क विधिक सहायता प्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

पहाड़ी पाठ बाबा मंदिर में जली आस्था की जोत

राजनांदगांव। जिले से लगभग 20 किमी दूर घने जंगलों के बीच स्थित ग्राम जोरातराई मनगटा जंगल (स्टेशन मुढ़ीपार) का प्रसिद्ध पहाड़ी पाठ



बाबा मंदिर इन दिनों शारदीय नवरात्रि अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। प्राकृतिक वातावरण से घिरे इस देवस्थल में इस बार भी भक्ति और श्रद्धा का विशेष माहौल देखने को मिल रहा है। 11 अक्टूबर को ज्योति कलश स्थापना के साथ हुई। आगामी धार्मिक अनुष्ठानों के तहत 15 अक्टूबर को पंचमी माता सिंगार, 18 अक्टूबर को महाअष्टमी हवन एवं दोपहर 4 बजे पूर्णाहुति तथा 19 अक्टूबर को ज्योति जवारा विसर्जन किया जाएगा। नौ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में क्षेत्र सहित दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता की आराधना में लीन रहेंगे। पहाड़ी पाठ बाबा धाम में स्थापित बाबा महाकाल की भव्य प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र है। इस वर्ष मंदिर समिति द्वारा पूरे परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर प्रांगण में माता मंदिर सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं, जहां भक्तजन दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त कर रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मनोकामना दीप प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि की कामना की है। पहाड़ी पाठ देव स्थल उत्थान समिति के अध्यक्ष व जोरातराई पूर्व सरपंच संतोष कुमार साहू ने बताया कि इस वर्ष भी घी और तेल से 300 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में पुजारी संतोष शर्मा, समिति अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, उपाध्यक्ष नरसिंह साहू, सचिव सुदामालाल साहू, कोषाध्यक्ष रामलाल साहू, सह-सचिव पुरुषोत्तम कुमार साहू, संरक्षक सुरेंद्र शर्मा, संरक्षक शिवलाल चक्रधारी, संरक्षक डॉ. जीएस राजपूत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

10 ने अपनाई सौर ऊर्जा, 53 मेगावाट के प्लांट स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिला सौर ऊर्जा के उपयोग और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घरेलू उपभोक्ताओं के साथ जिले के औद्योगिक संस्थान भी स्वच्छ ऊर्जा को अपनाकर इस अभियान में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहे हैं। जिले के प्रमुख औद्योगिक संस्थानों द्वारा अपने परिसरों में लगभग 53.03 मेगावॉट क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित किए गए हैं। सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली का उपयोग औद्योगिक गतिविधियों में किए जाने से परंपरागत बिजली की खपत और बिजली बिल में कमी आ रही है। इसके साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलने से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। औद्योगिक गतिविधियों के संचालन में बड़ी मात्रा में बिजली की आवश्यकता होती है। ऐसे में सौर ऊर्जा उद्योगों के लिए किफायती, स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा विकल्प के रूप में उभर रही है। औद्योगिक संस्थानों ने उपलब्ध परिसर एवं आवश्यकता के अनुरूप सोलर प्लांट स्थापित कर बिजली की जरूरतों की पूर्ति में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाई है।

प्रशासन की पहल पर हरित ऊर्जा की ओर बढ़े कदम

बड़े उद्योगों ने अपनाई सौर ऊर्जा

धनलक्ष्मी पेपर मिल में 650 किलोवॉट, डोंगरगांव पेपर मिल में 11 मेगावॉट, यूनीफैब्स स्लीपर प्राइवेट लिमिटेड में 145 किलोवॉट, राजाराम मेज प्रोडक्ट में 8 मेगावॉट तथा सिम्प्लेक्स इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड में 660 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित किए गए हैं। क्रेस्ट स्टील एण्ड पॉवर में 300 किलोवॉट, बरार इंडिया लिमिटेड में 150 किलोवॉट, श्रीराम सीमलेश प्राइवेट लिमिटेड में 125 किलोवॉट, हीरा स्टील खैरझीटी में 17 मेगावॉट तथा एबीस एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड बड़भूम डोंगरगांव में 15 मेगावॉट क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित किए गए हैं।



पर्यावरण संरक्षण का संदेश

औद्योगिक संस्थानों में सोलर प्लांट की स्थापना केवल बिजली खर्च कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है। सौर ऊर्जा के उपयोग से जीवाश्म ईंधन आधारित परंपरागत ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होती है और स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलता है। इससे कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में भी सहयोग मिलता है।

सीएम, गृहमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की सक्रियता से गतिरोध खत्म

आलाकमान की दखल से थमी कलह जिपं अध्यक्ष पद पर बनी रहेगी नम्रता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की 10 सदस्यीय जिला पंचायत में अध्यक्ष नम्रता सिंह को भाजपा के 6 जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस सदस्यों के साथ मिलकर पद से हटाने बेहद बड़ा षड्यंत्र रचा था। बीते 10 दिनों से चल रहे बगावती उठापटक के बीच आपस में टूट पड़ने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह के खिलाफ रची गई राजनीतिक साजिश ध्वस्त हुआ।

इधर इस गतिरोध को खत्म करने स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को मामले में दखल देना पड़ा। साथ ही भाजपा पार्टी इस बगावत के खिलाफ कड़े रुख अपनाने वाली थी। इधर 3 अक्टूबर को प्रकाशित हरिभूमि की खबर में नम्रता सिंह ही जिला पंचायत अध्यक्ष बनी रहेगी खबर प्रकाशित हुई थी, जिस पर मोहर भी लग गई है।



गतिरोध समाप्त किया

मुख्यमंत्री और गृह मंत्री से मुलाकात के बाद गतिरोध समाप्त हो गया है। सभी सदस्य एकजुट हैं। भाजपा के मजबूती के लिए प्रतिबद्ध है। - **राजू टांडिया,** प्रवक्ता, जिला भाजपा, एमएमसी

भाजपा में खटक रही है नम्रता

कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में भाजपा के ही जिले के बड़े नेता नम्रता सिंह को उनके बढ़ते प्रभाव लोकप्रियता के चलते उन्हें राजनीतिक मुश्किल में डालने के उद्देश्य से एक के बाद एक विवादित स्थिति में डालने के लिए लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं। जिलेवासियों का मानना है कि इसी षड्यंत्र के तहत नम्रता सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का व्यूरचना रची गई थी।

मुहिम में जिला महामंत्री, उपाध्यक्ष का भी हस्ताक्षर

जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह के खिलाफ बगावती तेवर और इस षड्यंत्र के पीछे भाजपा जिला महामंत्री तथा जिला पंचायत सदस्य नरसिंग भंडारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह का नाम प्रमुख है, जो अन्य भाजपा कांग्रेस के सदस्यों को साथ लेकर दर-दर भटक रहे थे। जबकि अन्य जिला पंचायत सदस्य सविता सोरी, रेखा कोठारी, शांति त्रिपुरे चुनाव के चंद दिन पहले ही भाजपा में शामिल होकर जिला पंचायत से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चयनित होकर चुनाव जीते हैं, जो भारतीय जनता पार्टी के बैलाज से अनभिज्ञ है।

उल्लेखनीय है कि जिला भाजपा महामंत्री तथा जिला पंचायत सदस्य नरसिंग भंडारी के साथ मिलकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी, लखन कलामे, सविता शोरी, रेखा कोठारी, शांति त्रिपुरे, कांग्रेस की शेषवरी धुर्वे के हस्ताक्षरयुक्त अविश्वास प्रस्ताव का एक अक्टूबर को कलेक्टोरेट में आवेदन देकर ये लोग अपनी ही पार्टी के कद्दावर नेता तथा भाजपा की जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह के खिलाफ व्यू रचना रचकर जिले से लापता हो गए थे। जिसके बाद मामले को सुलझाने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, गृहमंत्री विजय शर्मा ने इन बागियों को रायपुर तलब कर समझाने का प्रयास किए, परंतु ये लोग नम्रता सिंह को निपटाने अड़े रहे। जिसके बाद शुक्रवार को स्वत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मामले में पड़ना पड़ा और अंततः बागी जिला पंचायत सदस्यों के बीच आपस में फूट पड़ने के बाद नम्रता के खिलाफ रची गई राजनीतिक साजिश ध्वस्त हुआ।

श्रीदुर्गा उत्सव समिति के रीतेश अध्यक्ष

राजनांदगांव। श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति शक्तिधाम दुर्गा चौक में इस वर्ष के दुर्गा उत्सव के लिए रीतेश देवांगन को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है।



1950 में स्थापित इस समिति के अन्य पदाधिकारियों ने संरक्षक हुकुम पंसारी, उत्तम पारख, शैलेष श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, प्रेम मिस्त्री, चंद्रप्रकाश यादव एवं कृपाशंकर श्रीवास्तव, प्रमुख सलाहकार गोपीराम पेंडरिया, उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अरूण देवांगन, हेमंत श्रीवास्तव व राजेश वर्मा, सचिव खेमचंद देवांगन, सह-सचिव सनमय श्रीवास्तव, तरूण श्रीवास्तव व कैलाश निर्मलकर, कोषाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सजावट मंत्री संदीप निर्मलकर, मनोज ओझा, आशुतोष श्रीवास्तव व विवेक ताम्रकार, पूजा पाठ प्रभारी उद्देश्य श्रीवास्तव, विजय धीवर, काव्य देवांगन, अभिजीत सामंथा व रमेश श्रीवास्तव तथा अन्य महिला-पुरूष सदस्यगण रखे गए हैं। उल्लेखनीय है कि यह समिति के स्थापना का 77वां वर्ष है। इस वर्ष भी भिन्न-भिन्न आयोजन किए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हुए हैं।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुरानी बातों को लेकर महिला एवं बच्चों को चाकू दिखाकर धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना डोंगरगांव क्षेत्रांतर्गत प्रार्थिया द्वारा 9 अक्टूबर को थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि गांव का आरोपी डिगेश्वर साहू पुरानी बातों को लेकर आए दिन गाली-गलौज एवं विवाद करता है तथा जान से मारने की धमकी देता है। 9 अक्टूबर को मोहड़ चौक के पास आरोपी द्वारा प्रार्थिया एवं उसके बच्चों के साथ गाली-गलौज कर अपने पास रखे



चाकू को दिखाते जान से मारने की धमकी दी गई। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 296, 351(3) भारतीय न्याय संहिता, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी डिगेश्वर साहू 35 वर्ष निवासी ग्राम जंगल करेठी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इलाज के दौरान देर रात अस्पताल से युवती गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शनिवार की शाम शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराई गई एक युवती के रविवार सुबह अस्पताल से गायब होने का मामला सामने आया है।

- अस्पताल प्रबंधन ने खंगाले फुटेज, खोजबीन जारी

अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था की कमी के चलते अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से उपचारार्थ भर्ती युवती अस्पताल का गेट फांदकर चली गई और सुरक्षा में तैनात गार्ड और अन्य कर्मियों को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब परिजनों ने बेड पर अपनी बेटी को नहीं देखा तो उसकी तलाश शुरू की। जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज से उसके कहीं चले जाने का खुलासा हुआ है। जिले के बाघनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी एक युवती को शनिवार दोपहर लगभग 3 बजे उसके परिजन सिरदर्द और बुखार से पीड़ित होने के चलते बल्देवबाग स्थित अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराए थे। इस दौरान अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा था। इसी बीच वार्ड में युवती के साथ बेड के नीचे ही उसकी मां भी सोई हुई थी। सुबह जब उन्होंने बेड पर अपनी बेटी को नहीं देखा तो बाथरूम और अन्य जगहों पर उसकी तलाश की, लेकिन अस्पताल के भीतर उसका कोई भी पता नहीं चला। जिसके बाद परिवार ने अस्पताल प्रबंधन से युवती के गायब होने की शिकायत की। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जिसमें युवती कहीं जाते हुए दिखाई दी।

परिजन कर रहे तलाश

युवती के परिजनों ने बताया कि इस मामले में उन्होंने शहर कोतवाली थाना में अपनी बेटी की गुम हो जाने की सूचना दर्ज करा दी है। उन्होंने बताया कि उसकी तलाश अस्पताल परिसर से लेकर रिश्तेदारों तक कर चुके हैं, लेकिन उसका कहीं भी कोई पता नहीं चला है। युवती के पिता ने बताया कि सिरदर्द और बुखार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराए थे।

पुलिस को दी गई सूचना

निजी अस्पताल के मैनेजर ने बताया कि परिजनों ने जब युवती के गायब होने की शिकायत की तो उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाला। जिसमें युवती कहीं जाते हुए दिखाई दे रही है। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

गणेश टेकरी पहाड़ी में मिला नरकंकाल, क्षेत्र में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अं. चौकी से चिल्हाटी नगर के वार्ड 4 में स्थित गणेश टेकरी पहाड़ी में नरकंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। नगरीय निकाय क्षेत्र में नरकंकाल मिलने से नगर में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। नरकंकाल के समीप सड़े-गले कपड़े एवं एक एंड्राइड मोबाइल व एक जोड़ी चप्पल बरामद हुआ है। पुलिस नरकंकाल के समीप मिले इन वस्तुओं के आधार पर शिनाख्ती में जुटी हुई है।

नगर के वार्ड 4 में स्थित गणेश टेकरी पहाड़ी में पुलिस ने आज पहाड़ी के उपर एक वृक्ष के नीचे नरकंकाल बरामद किया। कंकाल के ऊपर एक वृक्ष में एक भगवा रंग का गमछा भी लटका हुआ था। जबकि इसके नीचे कंकाल बरामद हुआ। इसे देखकर नगर में यह चर्चाएं चल रही है कि किसी अज्ञात युवक ने काफी समय पहले यहां पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या की होगी। जबकि कुछ लोगों का मानना है कि युवक की हत्या कर इसे पेड़ में लटका दिया गया होगा। बताया जाता है कि इस पहाड़ी के आसपास आए दिन युवक-युवतियां एवं नशापान करने वाले युवक घूमते पाए जाते हैं। कंकाल के समीप बरामद हुआ जींस, टी-शर्ट एवं स्पोटर्स चप्पल को देखकर माना जा रहा है कि यह



कंकाल किसी युवक का ही होगा। घटनास्थल में पुलिस को एक एंड्राइड मोबाइल भी मिला है। मोबाइल बारिश में पड़े रहने के कारण ऊपर से खराब हो चुकी है। पुलिस मोबाइल में मिले सिम से डाटा रिकवर कर कंकाल की शिनाख्ती एवं पतासाजी में जुटी हुई है। पुलिस ने इस मामले में किसी भी संभावना से इंकार नहीं किया है। नरकंकाल की सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियतापूर्वक मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

मामले में मर्ग कायम, पुलिस जांच में जुटी

टीआई अश्वनी राठौर ने बताया कि नगर में मिले नरकंकाल के मामले में पुलिस मर्ग कायम कर कंकाल की शिनाख्ती में जुटी हुई है। टीआई ने बताया कि कंकाल को आज पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों ने इसे मेडिकल कॉलेज भेजने का निर्देश दिया है। जानकारी रहे कि नगर में जिस स्थान एवं पहाड़ी पर नरकंकाल मिला है। उसी के एक किमी के दूरी में नगर के कई शैक्षणिक संस्थान एवं शासकीय महाविद्यालय भी स्थित है और इन शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राएं एवं नशापान करने वाले युवक इस क्षेत्र में प्रतिदिन घूमते देखे जाते हैं, इसलिए नगर में कंकाल मिलने को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही है। इस क्षेत्र के निवासियों ने स्थानीय शासन-प्रशासन से पहाड़ी एवं इसके पास के क्षेत्रों में घूमने वाले युवाओं एवं उनकी संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है।

शहर में यातायात-पार्किंग समस्या

- प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से की मुलाकात

राजनांदगांव। शहर के व्यापारियों को यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के कारण हो रही परेशानियों के निराकरण की मांग को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट की।

प्रतिनिधि मंडल ने शहर में व्यापारिक गतिविधियों के दौरान सामने आ रही यातायात संबंधी समस्याओं तथा वाहनों की पार्किंग को लेकर व्यापारियों को हो रही कठिनाइयों से विधायक को अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने इन समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। विधायक डॉ. रमन सिंह ने



व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने उम्मीद जताई कि समस्याओं के समाधान से शहर की यातायात व्यवस्था सुगम होगी और व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी राहत मिलेगी।

आईटीआई में निःशुल्क प्रशिक्षण 18 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अं.चौकी

नगर के वार्ड 4 में स्थित शासकीय औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान में 18 अक्टूबर से 4 माह तक निरंतर विद्यार्थियों एवं युवाओं को निःशुल्क इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

आईटीआई प्राचार्य जीएल खरे ने बताया कि हाईस्कूल पास किसी भी वर्ग के युवक-युवती एवं विद्यार्थी मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत यह प्रशिक्षण निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण के इच्छुक युवक-युवतियां या छात्र-छात्राएं 17 अक्टूबर तक यहां प्रवेश के लिए अपने शैक्षणिक दस्तावेजों और दो फोटो के साथ कार्यालयीन अवधि में संपर्क कर सकते हैं।



खबर संक्षेप



शासन-प्रशासन से लगाई आर्थिक सहायता की गुहार

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा निवासी नंदू साहू मनराम साहू सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। दुर्घटना में उनका एक पैर टूट गया था। पैर में रॉड लगाई गई है, लेकिन लगातार इलाज कराने के कारण अब उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है। ऐसे में वे आगे का इलाज कराने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं। दुर्घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए निजी चिकित्सक के पास जाना पड़ा। इलाज में लगातार खर्च होने से उनकी जमा पूंजी समाप्त हो गई है। बताया जाता है कि उनके पास खेती के लिए एक भी खेत नहीं है और वे वृद्धावस्था पेंशन के सहारे अपना जीवनयापन करते हैं। पहले से ही सीमित आय में घर का खर्च चलाने वाले नंदू साहू के सामने अब इलाज का खर्च उठाना बड़ी चुनौती बन गया है। बताया जाता है कि पैर में रॉड लगने के बाद भी उन्हें आगे उपचार की आवश्यकता है, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वे परेशान हैं। जिस पर नंदू साहू ने शासन-प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की अपील की है। उन्होंने अपील किया है कि उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए मदद प्रदान की जाए, ताकि वे अपने पैर का समुचित इलाज करा सकें और सामान्य जीवन की ओर लौट सकें।

शैलेंद्र वर्मा का सीनियर नेशनल हॉकी टीम में चयन

कवर्धा। जिले के हॉकी खिलाड़ी शैलेंद्र वर्मा का चयन छत्तीसगढ़ की सीनियर हॉकी टीम में हुआ है। वे झांसी में आयोजित 16वीं सीनियर नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। बिलासपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में 26 खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन किया गया, जिनमें से 18 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया। शैलेंद्र ने अपने प्रदर्शन के दम पर अंतिम टीम में जगह बनाई।

बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

बीजाझोरी की बदहाली पर जिम्मेदारों की चुप्पी, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की ढिढौरा पिटा जा रहा है लेकिन ग्राम पंचायत बरबसपुर के आश्रित ग्राम बीजाझोरी में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की समस्याओं को दूर करने के लिए पंचायत से लेकर जनपद और जिला स्तर तक अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विकास के दावों के बीच बीजाझोरी के लोग आज भी सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और राशन जैसी जरूरी सुविधाओं के लिए परेशान हैं।

ग्रामीणों ने अब बीजाझोरी को ग्राम पंचायत बरबसपुर से अलग कर किसी दूसरे पंचायत में जोड़ने की मांग उठाई है, ताकि गांव का समुचित विकास हो सके। जिस पर बीजाझोरी निवासी हीराराम साहू, महेंद्र चंद्रवंशी, शिवकुमार साहू, महेश यादव और विजय घोसले ने बताया कि गांव की आबादी लगभग 400 से अधिक है। इसके बावजूद ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाओं और सरकारी योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, लेकिन उनके समाधान के लिए ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब गांव में सैकड़ों लोग निवास करते हैं, तो उन्हें बुनियादी सुविधाओं के लिए आखिर कब तक संघर्ष करना पड़ेगा? ग्राम पंचायत बरबसपुर, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

क्षेत्र के विधायक को भी ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागों के माध्यम से समाधान की पहल करनी चाहिए। ग्रामीणों की मांग है कि गांव की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर समस्याओं के निराकरण के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए।

जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बीजाझोरी में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, राशन और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही अधूरे विकास कार्यों को पूरा कर गांव की समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की इस मांग पर कब तक ध्यान देते हैं और बीजाझोरी के विकास के लिए क्या ठोस कदम उठाते हैं।





खस्ताहाल रास्तों से बढ़ी परेशानी

ग्रामीणों के अनुसार खेत-खलिहान तक जाने वाले रास्ते दलदल में तब्दील हो चुके हैं। बारिश के दिनों में इन रास्तों से गुजरना बेहद कठिन हो जाता है। वहीं बीजाझोरी से बरबसपुर मुख्यालय तक आने-जाने वाला मार्ग भी अत्यंत खराब स्थिति में है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण जरूरी कामों के लिए मुख्यालय पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है।

हैंडपंप के आसपास गंदगी व मुक्तिधाम अधूरा

गांव में हैंडपंप के आसपास गंदगी और जलभराव की समस्या बनी हुई है। इससे स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मुक्तिधाम का काम भी अधूरा पड़ा है, जिसके कारण अंतिम संस्कार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के दौरान लोगों को परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नियमित साफ-सफाई, जल निकासी और सार्वजनिक सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

मां महामाया मंदिर में 173 ज्योति कलश प्रज्जवलित



- वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भक्तिमय का वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित मां महामाया शीतला मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व का शुभारंभ विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिर में 173 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भक्तिमय वातावरण बना रहा।

दुल्लापुर निवासी पं प्रशांत शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंत्रोच्चार के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराया। नवरात्रि के पहले दिन से ही श्रद्धालुओं में माता रानी के दर्शन और पूजा-अर्चना को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। आगामी नौ दिनों तक सुबह-शाम भक्त मंदिर पहुंचकर मां महामाया के दर्शन करेंगे और अपने परिवार, गांव तथा क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करेंगे।

बताया जाता है कि ग्राम कोलेगांव का मां महामाया मंदिर काफी पुराना एवं श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां चैत्र और शारदीय नवरात्रि दोनों अवसरों पर ज्योति कलश प्रज्जवलित करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

आसपास के गांवों सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंचते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से मां महामाया की आराधना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

श्रीमद्भागवत कथा साक्षात श्रीकृष्ण की वाणी स्वरूप है : पं प्रशांत शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड कबीरधाम के ग्राम रवेली में जायसवाल परिवार द्वारा स्व. बबलू जायसवाल की स्मृति में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 9 अक्टूबर से प्रारंभ यह धार्मिक आयोजन 17 अक्टूबर तक चलेगा।

कथा वाचन परम श्रद्धेय प्रशांत शर्मा (दुल्लापुर वाले) द्वारा किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर विधि-विधान से श्री गणेश पूजन के बाद भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कथा पंडाल से प्रारंभ होकर रवेली नगर का भ्रमण करते हुए गंगा पूजन एवं दर्शन के साथ संपन्न हुई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने गौकर्ण महात्म्य की कथा का श्रवण किया। कथा के दौरान प्रशांत शर्मा ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से मनुष्य के हृदय में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के भाव जागृत होते हैं। इससे मन, बुद्धि और चित्त की शुद्धि होती है तथा व्यक्ति सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण कोई साधारण धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि इसे भगवान श्रीकृष्ण का वाणी स्वरूप माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने अपने धाम गमन से पूर्व अपनी दिव्य शिक्षाओं और आध्यात्मिक संदेशों को भागवत के माध्यम से भक्तों के लिए सुलभ कराया। भागवत कथा मनुष्य को जीवन के वास्तविक उद्देश्य, भक्ति और सद्कर्मों का महत्व समझाती है। आयोजन में ग्रामाचार्य अशोक पाठक का भी मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। कथा के आयोजक परमेश्वर-मीना, जगेश्वर-शांति, बबलू-अहिल्या, भुनेश्वर-इंद्राणी सहित समस्त जायसवाल परिवार द्वारा ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की।

अशोका स्कूल में सकारात्मक परवरिश पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संचालक ने बताया आपसी सहयोग का महत्त्व

विद्यालय के संचालक पवन देवांगन ने डॉ कीर्तिभूषण वर्मा के ज्ञान और अनुभव की सराहना करते हुए कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। बच्चों के व्यवहार, संस्कार और मानसिक विकास के लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों को स्वयं भी सीखते रहना चाहिए। संचालिका सारिका देवांगन ने कार्यशाला एवं पालक-शिक्षक बैठक की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सभी अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

बच्चों का बेहतर भविष्य केवल अच्छी पढ़ाई से नहीं, बल्कि सही परवरिश, अच्छे संस्कार, अनुशासन और परिवार व विद्यालय के सहयोग से बनता है।

इसी उद्देश्य से अशोका पब्लिक स्कूल में रविवार को सकारात्मक अभिभावकत्व कार्यशाला एवं पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।

जिस पर डॉ कीर्तिभूषण वर्मा ने बच्चों की परवरिश, व्यवहार, पढ़ाई और व्यक्तित्व विकास पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका सारिका देवांगन ने पुष्पगुच्छ भेंटकर डॉ श्री वर्मा का स्वागत किया।

डॉ श्री वर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय संचालन के साथ पेरेंटिंग कोच, करियर काउंसलर, प्रशिक्षक एवं मार्गदर्शक के रूप में भी सक्रिय हैं। डॉ कीर्तिभूषण वर्मा ने मोबाइल की बढ़ती आदत, जिद, गुस्सा, पढ़ाई में मन न लगना, आत्मविश्वास की कमी, भाई-बहनों के बीच झगड़े और किशोरावस्था में होने वाले बदलावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे की सीखने की क्षमता और व्यवहार अलग होता है। इसलिए बच्चों को डांटने के बजाय उनकी बात सुनना, उनकी समस्याएं समझना और उनसे संवाद करना जरूरी है। शांत रहने वाले और पढ़ाई में पीछे रहने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान देकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को नियमित आत्ममूल्यांकन, अनुशासन और निरंतर प्रशिक्षण का संदेश देते हुए कहा कि अच्छा शिक्षक बनने के लिए केवल पढ़ाना ही नहीं,बच्चों को ध्यानपूर्वक सुनना भी आवश्यक है।

बाबा गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलने किया प्रेरितः रामविलास

- रामविलास पात्रे कंठी-माला व जनेऊ तैयार कर सतनाम पंथ के अनुयायियों को धारण करवाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम डबराभाट जहां सतनाम समाज के भंडारी रामविलास पात्रे बाबा गुरु घासीदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। बताया जाता है कि रामविलास पात्रे बाबा गुरू घासीदास के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने हेतु कंठी- माला और जनेऊ बनाकर सतनाम पंथ के लोगों को निःशुल्क प्रदान करते हैं, ताकि बाबा गुरु घासीदास के संदेश जन-जन तक पहुंच सकें और लोग उनके बताए सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चल सकें, ताकि मानव समाज सादगीपूर्ण जीवन के लिए सफल हो सके। इसी उद्देश्य से वे प्रतिदिन कंठी-माला और जनेऊ बनाने में जुटे रहते हैं।



धान की फसल पर कीट-व्याधि का प्रकोप, दवा छिड़काव में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

धान की फसल में कीट-व्याधियों के लक्षण दिखाई देने के बाद किसान फसल को बचाने के लिए दवाओं का छिड़काव करने में जुट गए हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम दौजरी में किसान राजेश चंद्रवंशी ने अपनी धान की फसल को कीट-व्याधियों से बचाने के लिए दवा का छिड़काव किया। किसान राजेश चंद्रवंशी ने बताया कि धान की फसल में तना छेदक, माहू और सूखा रोग जैसी समस्याओं से बचाव के लिए किसानों को समय-समय पर दवाओं का छिड़काव करना पड़ रहा है। इससे खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। पहले से ही खाद, बीज, मजदूरी और अन्य कृषि सामग्री पर खर्च बढ़ने से किसान आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं। ऐसे में बार-बार कीटनाशक एवं अन्य दवाओं का उपयोग करना किसानों के लिए अतिरिक्त परेशानी बन गया है।



सोनबरसा में प्राचार्य नरेंद्र कश्यप ने बच्चों को कराया न्योता भोजन

- न्योता भोज में विद्यार्थियों व बच्चों को खीर-पूड़ी परोसा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल पथर्रा के प्राचार्य नरेन्द्र कश्यप द्वारा शनिवार को अपने पौत्र एकांश कश्यप के जन्म दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला सोनबरसा एवं आंगनबाड़ी केंद्र सोनबरसा में न्योता भोज कराया। इस न्योता भोज में खीर-पूड़ी परोसा गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच अशोक कश्यप, सुदर्शन कश्यप, धनेश्वर कश्यप, पूर्व सरपंच अरुण कश्यप , मोहन एवं पंचगण, शाला के प्रधान पाठक आरके कोसरिया एवं शिक्षिका श्रीमती कालिमा चंद्रवंशी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर प्राचार्य नरेन्द्र कश्यप, विजय कश्यप, लीला कश्यप किरण कश्यप सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।



गांव को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने में अपना महत्व योगदान दें

पौधारोपण कर संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम ज्ञान-विज्ञान बसनी में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देने तथा प्रकृति के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से युवा एकता एवं जनसेवा समिति बसनी के तत्वाधान में पौधरोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए साथ ही लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं उचित देखभाल सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि पौधे भविष्य में विकसित होकर वृक्ष बन सकें और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान कर सकें। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रभाकर साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं, उनकी देखभाल करें और गांव को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने में अपना योगदान दें। समिति सदस्य अभिषेक पांडेय, उत्तम साहू , मुकेश श्रीवास,अमन साहू , कृष्णा साहू, गनपत साहू, सुदर्शन साहू, प्रकाश साहू, रोहित यादव, चित्तू साहू ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी गांव के विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों को एकजुट होकर आगे बढ़ाया जाएगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य ममता विजय शुक्ला, सरपंच ग्रापं घोरपेंड़ी, समस्त ग्रामवासी, हाई स्कूल बसनी समस्त शिक्षकगण, सुधाराम साहू सेवानिर्वृत प्राचार्य, हरन चंद्राकर, दिनेश पांडेय, बद्रीसिंह चौहान, पिल्लू साहू, कपिल साहू, हीरालाल बंजारे तुलाराम साहू एवं युवा एकता एवं जनसेवा समिति के सदस्य उपस्थित थें।



